विवाद | **समुदाय के दो गुट आपस में भिड़े**

# किन्नर के बाल काट जमकर की मारपीट, खून से लहूलुहान...



**नवभारत,दमोह.** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत किन्नर समुदाय के दो गुटों के बीच विवाद ने गंभीर मोड़ ले लिया है. शनिवार रात एक पक्ष की खुशी किन्नर ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उसने आरोप लगाया कि छह किन्नरों ने उसके साथ मारपीट की, बाल काटे और उसके गुरु की हत्या की धमकी दी है.खुशी किन्नर, जो बिलवारी मोहल्ले में रहती हैं और शादी-ब्याह जैसे शुभ अवसरों पर मांगने का काम करती हैं ने बताया कि किन्नर गुड़िया नायक उनसे एक लाख रुपये की मांग करती है. शनिवार रात, गुड़िया नायक, आशा, जोया, शब्बो और मीना किन्नर ने उनके घर में घुसकर उन पर हमला किया, उनके बाल काट दिए और पेट में चाकू मारने का प्रयास किया.हमले के बाद ये सभी किन्नर भाग गए. खुशी ने अपने गुरु पिंकी नायक को इस घटना की जानकारी दी, जो हटा में रहते हैं. इसके बाद वे कोतवाली पहुंचे और अपने खिलाफ हुई मारपीट की शिकायत दर्ज कराई.खुशी का कहना है कि गुड़िया नायक ने धमकी दी है कि वे उनके गुरु पिंकी नायक की हत्या कर देंगे और सांप्रदायिक हिंसा फैलाएंगे.

### पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की

खुशी ने पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है और कहा है कि यदि उन्हें या उनके गुरु को कुछ होता है, तो इसके लिए ये सभी किन्नर जिम्मेदार होंगे .पिंकी नायक ने बताया कि खुशी उनकी चेला है और दमोह में बाहरी गुरु के पास रहती है . गुड़िया और अन्य किन्नरों ने उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर मारपीट की . पिंकी ने कहा कि सागर में चल रहे किन्नर विवाद में वे किरण गुरु के पक्ष में हैं, जो गुड़िया और अन्य किन्नरों को नागवार गुजरी है .टीआई कोतवाली मनीष कुमार ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

### किन्नर समाज का दूसरा पक्ष पहुंचा एसपी ऑफिस, कहा दबाव में दर्ज करवाई गई हमारे ऊपर रिपोर्ट




किन्नर समाज के दो पक्षों में हुए विवाद में शनिवार रात एक पक्ष की ओर से कोतवाली पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज किया था .इसके बाद रविवार शाम किन्नर समाज के दूसरे पक्ष की ओर से उनके गुरु किन्नरों के साथ एसपी ऑफिस और निवास पहुंचे .उन्होंने एसपी के नाम एक आवेदन टीआई कोतवाली को देकर बताया है कि गुड़िया किन्नर व अन्य किन्नरों पर झूठा मामला खुशी किन्नर के द्वारा दर्ज करवाया गया है. जबकि खुशी का अपहरण कर उसे बंधक बनाकर रखा गया है .दबाव बना कर उससे यह रिपोर्ट दर्ज कराई गई है. किन्नरों के गुरु काजल ठाकुर (भोपाल) ने बताया कि हटा की पिंकी किन्नर के द्वारा खुशी किन्नर को अपने पास बंधक बनाकर रखा है और उसके द्वारा ही दबाव बनाकर गुड़िया किन्नर व अन्य लोगों पर शनिवार रात मारपीट का मामला दर्ज करवा दिया .जगतगुरु ने बताया कि सागर में रानी किन्नर के द्वारा सूचना मिलते ही दमोह कोतवाली टीआई मनीष कुमार मौके पर पहुंचे और किन्नरों का आवेदन लेकर जांच करने की बात कही.

> जो विवाद किया गया है, अब इसी प्रकार का विवाह दमोह में भी कराया जा रहा है और दो समुदायों के बीच हिंसा फैलाने की प्लानिंग भी इन लोगों के द्वारा की जा रही है .उसका अपहरण बहार किन्नर, पिंकी किन्नर और इरशाद शूटर के द्वारा किया गया है और मुझसे एक लाख रूपये की फिरौती मांगी जा रही है. जब हम इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने कोतवाली पहुंची तो हमारी रिपोर्ट नहीं लिखी गई.

# जमीनी विवाद में चली गोलियां, पिता-पुत्र घायल, जबलपुर रेफर

### परिजन बोले 18 राउंड हुई फायरिंग





**नवभारत, दमोह.** जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले हरद्वानी गांव में शनिवार देर रात जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही कुछ लोगों ने एक शादी समारोह में पिता, पुत्र पर गोली चला दी. जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए तत्काल 108/112 की सहायता से जिला अस्पताल लाया गया. जहां हालत गंभीर होने पर ड्यूटी रत डॉक्टर मधुर चौधरी और आशुतोष पटेल ने दोनों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है. घायलों के बयानों के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.परिजनों के अनुसार आरोपियों ने 18 राउंड फायर किए हैं.पुलिस प्रत्यक्ष दर्शियों के बयानों के आधार पर भी इस मामले की जांच कर रही है कि कितने राउंड गोलियां चली है. एक शादी समारोह के दौरान यह गोली चलने की बात सामने आ रही है. इस घटना में 52 वर्षीय नरेश पटेल और उनका 30 वर्षीय बेटा सत्य प्रकाश पटेल घायल हुए हैं. सत्य प्रकाश को सिर के पास गोली लगी है जबकि नरेश को हाथ में गोली लगी है. दोनों को ब्लड काफी अधिक निकलने पर ड्यूटी डॉक्टर मधुर चौधरी के द्वारा जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया.घायलों के परिजन नितिन पटेल ने बताया कि शनिवार रात हरद्वानी गांव में नरेश पटेल और सत्य प्रकाश पटेल पर पुराने जमीन विवाद के चलते देवी पटेल, गुड्डू पटेल, अखिलेश पटेल, नरेंद्र पटेल, अमर पटेल और अमर के भांजे साथ ही भदू आदिवासी इन्होंने 18 राउंड गोलियां चलाई.जिसमें नरेश और उनके बेटे सत्य प्रकाश को गोली लगने से वह घायल हुए हैं. परिजन तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे. घटना की जानकारी लगते ही सीएसपी एचआर पांडे, देहात थाना टीआई अमित कुमार गौतम, चौकी प्रभारी अभिषेक पटेल पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे, वहीं कोतवाली टीआई मनीष कुमार, चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल, एएसआई अकरम भी अस्पताल पहुंचे और घायलों के बयान दर्ज किए. कोतवाली टीआई मनीष कुमार ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों से सूचना मिली थी.

> **जमीनी विवाद पिछले कई वर्षों से चल रहा है : एएसपी**
>
> एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया ने बताया की हरद्वानी गांव में गोली चलने से पिता-पुत्र घायल हुए थे. जिन्हें इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया है. पुत्र की हालत हालत गंभीर है जबलपुर में सीटी स्कैन के बाद ही पता चलेगा कि 12 बोर की बंदूक से फायर हुआ है या अन्य किसी हथियार का उपयोग किया गया है. पूछताछ में अभी यह बात सामने आई है कि यह जमीनी विवाद विवाद है जो पिछले कई वर्षों से चला रहा है. दो-तीन दिन पहले भी जमीन की नपाई के दौरान कुछ विवाद हुआ था. शनिवार रात गांव में ही एक लगन समारोह के दौरान पीड़ित पक्ष और आरोपियों के बीच कुछ कहा सुनी हुई.इसके बाद आरोपियों ने खेत के आसपास गोली चलाई जिसमें पिता पुत्र घायल हुए हैं. घायलों के द्वारा करीब 9 आरोपियों के नाम बताए गए हैं जिनकी तलाश के लिए पुलिस टीम लगी हुई है .गांव में पुलिस बल भी तैनात किया गया है ताकि आगे कोई विवाद की स्थिति ना बने. आरोपियों की जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी अभी आरोपी फरार चल रहे हैं.

## खानकाह नूरी-फरीदी में जलसा का आयोजन



**नवभारत, दमोह।** हिण्डोरिया स्थानीय खानकाह नूरी- फरीदी मे पीरो-मुर्शिद मौलाना हाजी कमालुददीन खान साहेब सल्लामहु तआला की सरपरस्ती में हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलेयहे अजमेर शरीफकी शानदार व कामयाब जियारत करके लौटने की खुशी में नगर के सभी जायरीनों व मुस्लिम भाईयों के व्दारा मीलादे पाक का आयोजन किया गया.इस मौके पर शेख-ए-तरीकत हाजी कमाल मियां खान साहब ने अपनी तकरीर मे सभी से आमाले बद से बचने व नेक राह पर चलने की दुआ की.हजरत ने शिक्षा के क्षेत्र मे इस साल बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली बच्चियों को सम्मानित करते हुये कहा कि मुस्लिम भाईयों को अपने सभी लड़का व लड़कियों को समान अवसर देकर दीनी व दुनियाबी तालीम दिलाने की जरूरत है.उन्होंने सभी मुस्लिम बच्चियों की इस कामयाबी पर खुशी व्यक्त की.

## गौशालाएं केवल आश्रय नहीं, संस्कृति और जिम्मेदारी का प्रतीक

**कलेक्टर यादव ने निरीक्षण के दौरान चार गौशालाओं का लिया जायजा, खामियों और खराब संचालन पर कार्रवाई के निर्देश दिये**



**नवभारत, दमोह.** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव रविवार सुबह 6 बजे से गौशालाओं का जायजा लेने आकस्मिक रूप से निकले। इस दौरान उन्होंने जिले की चार गौशालाओं का आकस्मिक रूप से जायजा लिया। इस दौरान सबसे खास बात यह रही कि उनके साथ किसी भी विभाग के अधिकारी उनके साथ नहीं थे। औचक तौर से गौशालाओं में पहुंचकर जमीनी हकीकत जानी। उन्होंने गौशाला संचालकों, वहां संलग्न कर्मचारियों से चर्चा की और गौ सेवा के बेहतर से बेहतर तरीके से अंजाम देने के लिए कहा। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा इस कार्य में किसी तरह की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।जिले के नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संचालन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि गौशालाएं सिर्फ गौ माताओं को रखने का स्थान नहीं हैं, बल्कि यह हमारी संस्कृति, सद्भाव, जिम्मेदारी और आस्था का प्रतीक हैं। उन्होंने नागरिकों से इनके संरक्षण में सहयोग की अपील की ।कलेक्टर श्री यादव ने कहा, केवल गौशाला बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि वहां चारा, पानी, छाया और समय पर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है। मारुताल गौशाला का संचालन सराहनीय.

### आज भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव पर निकलेगी शोभा यात्रा



**नवभारत, दमोह .** भगवान विष्णु के छठवें अवतार व विप्र कुल शिरोमणि भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव आज सोमवार को पूर्ण भक्ति भाव एवं भव्यता से मनाया जाएगा। प्रवक्ता बीएम दुबे ने बताया कि आज प्रात: 8 :00 बजे पॉलिटेक्निक के पास परशुराम टेकरी पर भगवान परशुराम का पूजन, अर्चन, हवन एवं प्रसाद वितरण होगा.प्रात: 10 :00 बजे से शिव पार्वती मंदिर में सुंदरकांड प्रारंभ होगा एवं शाम 5 :00 बजे यहीं से एक भव्य शोभा यात्रा प्रस्थान करेगी जो कोऑपरेटिव बैंक चौराहा, बस स्टैंड, स्टेशन चौराहा, राय चौराहा, घंटाघर, अस्पताल चौराहा, कोऑपरेटिव बैंक चौराहा होते हुए शिव पार्वती मंदिर पर समापन होगा तथा यहां पर शाम 7 :30 बजे विशाल भंडारे का आयोजन होगा.

## जरारूधाम देश में ऐसा विरल स्थल, जहां एक ही परिसर में समग्र विकास की सभी सुविधाएं



**नवभारत, हटा-दमोह.** नर्मदा खंड सेवा संस्थान के संरक्षक व पूर्व केंद्रीय मंत्री व पंचायत ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने जरारूधाम गौ-अभ्यारण्य का शनिवार कड़ी धूप में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया.इस अवसर पर उन्होंने पूर्व की भांति गौमाता को रोटी खिलाकर गौ-सेवा का संदेश दिया तथा परिसर की पवित्रता और सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि यहां आकर मन सदैव आनंदित होता है.भ्रमण के बाद संस्थान के अध्यक्ष नरेंद्र बजाज की अध्यक्षता में अन्य पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में संस्थान के संचालन जरारूधाम गौ अभ्यारण और गुबरा गौशाला में निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई.इसके उपरांत मंत्री ने निर्माणाधीन कार्यों का स्थल निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए.मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा, गाय कमाने का साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम है.उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में कहा कि केवल पौधारोपण पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, जिससे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल बन सके.नर्सरी के संदर्भ में उन्होंने उल्लेख किया कि केवल नर्सरी आधारित गतिविधियों से दीर्घकालिक व सुदृढ़ आय सुनिश्चित नहीं की जा सकती, अत: पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आय के विविध व टिकाऊ साधनों को विकसित करना आवश्यक है.इसी क्रम में उन्होंने गौ-काष्ठ (गोबर से निर्मित लकड़ी) एवं गोबर आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने पर विशेष बल देते हुए कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार के प्रभावी अवसर सृजित कर सकती है. उन्होंने यह भी कहा कि देश में विरले ही ऐसे स्थल हैं, जहां एक ही परिसर में गौ-सेवा, जैविक गतिविधियाँ, पर्यावरण संरक्षण, प्रशिक्षण व रोजगार से जुड़ी इतनी व्यापक और सुव्यवस्थित सुविधाएँ उपलब्ध हों, और इस दृष्टि से जरारूधाम एक आदर्श समग्र विकास मॉडल के रूप में उभर रहा है.

> **पंचायत व ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा**
>
> संस्थान हम सभी का है और इसके विकास व उन्नति के लिए सामूहिक सहभागिता व समन्वय आवश्यक है .मंत्री ने जैविक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जैविक खाद (डीएपी के विकल्प के रूप में) के उत्पादन हेतु एक समर्पित प्लांट स्थापित किया जा रहा है. रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर जैविक खाद को बढ़ावा देना न केवल भूमि की उर्वरता बनाए रखने में सहायक होगा, बल्कि किसानों के लिए लागत में कमी और दीर्घकालिक लाभ सुनिश्चित करेगा .इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारी आचार्य जगेंद्र सिंह, शंकर महतो, सुशील कुमार गुप्ता, गोपाल पटेल, राघव राजा, राजकुमार सिंह, गंगाराम पटेल, नर्मदा सिंह एकता, अमर सिंह राजपूत, कैलाश शैलार, करन सिंह सहित अभ्यारण के कर्मचारी व अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे.




## नीमा का स्थापना दिवस आयोजित

**नवभारत, दमोह.** शनिवार को एक निजी होटल में नीमा का स्थापना दिवस मनाया गया। इसके मुख्य अतिथि डॉ कल्याण सिंह ठाकुर (महासचिव जबलपुर) उपस्थित रहे। जिसमें सर्वप्रथम भगवान धन्वंतरि जी कि पूजा अर्चना एवं कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ कल्याण सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि नीमा की स्थापना 13 अप्रेल 1948 में कि गई थी जो कि यह कार्यक्रम कि 13 से 20 अप्रैल तक मनाया जाता हैं। नीमा की करीब तेरह सो शाखा पूरे भारत संचालित हो रही हैं इसका उद्देश्य मानव सेवा था व स्वास्थ की देखभाल करना है। कार्यक्रम कि अध्यक्षता डॉ सी एल नेमा ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ राजकुमार पटेल, नीमा के सेकेट्री डॉ सुरेन्द्र पटेल, कोषाध्यक्ष डॉ गंगाराम पटेल, उपाध्यक्ष डॉ सन्तोष गोयल मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नीमा के लाइफ टाइम मेंबरशिप डॉक्टरों को सर्टिफिक्रेट से सम्मानित किया गया। अन्त में डॉ आर के गांगरा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।


### एक नजर में




### जैन दर्शन सदैव जोड़ने का कार्य करता है मुनि पद्म सागर महाराज

**नवभारत, दमोह .** पावन अक्षय तृतीया महापर्व के शुभ अवसर पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी में जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह द्वारा भव्य व दिव्य अड़तालीस मण्डलीय श्री भक्तामर विधान व संगीतमय अर्चना का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति व उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ .यह आयोजन आचार्य भगवंत श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज व आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद तथा पूज्य मुनि श्री 108 पद्म सागर जी महाराज, पूज्य क्षुल्लक श्री तात्पर्य सागर जी महाराज व पूज्य आर्यिका श्री वीर नंदनी माता ससंघ के सानिध्य में सम्पन्न हुआ .जिससे संपूर्ण वातावरण धर्ममय व आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा .विधान का कुशल संचालन प्रतिष्ठाचार्य डॉ . आशीष जैन द्वारा किया गया . बाल ब्र . मोनू भैया एवं विद्वानों के मार्गदर्शन में 48 मंडलों में बैठे श्रद्धालुओं ने भक्तिभावपूर्वक विधान संपन्न किया .जिससे मंदिर परिसर मंत्रोच्चार व भक्ति से गुंजायमान रहा .इस अवसर पर पूज्य मुनि श्री पद्म सागर जी महाराज ने अपनी विस्तृत व प्रेरणादायी देशना में कहा कि 卐कर्मों के सामने किसी की नहीं चलती, इसलिए मनुष्य को सदैव शुभ कर्मों का संचय करना चाहिए .

### सना फातिमा, मुस्कान बी, मिशवा नूरी व सना का सुयश







**नवभारत,दमोह .** हिण्डोरिया स्थानीय संदीपनी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिण्डोरिया की तीन बच्चियों ने कक्षा 12 वी बोर्ड की वार्षिक परीक्षा मे व राजेन्द्र पाठक शाला की कक्षा 10 वीं की एक और मुस्लिम छात्रा ने शानदार व यादगार सफलता हासिल की .कन्या शाला की मुस्कान बी पिता नबाब खान ने 500 अंक मे से 451 अंक अर्जित किये . इनका 91 .2 प्रतिशत परीक्षा फल रहा .हाजी रफीक खान मासाब की नातिन सना फातिमा ने 500 अंक मे से 436 अंक हासिल किये . इनका 87 .2 प्रतिशत परिक्षा फल रहा . सना बी पिता जावेद खान ने 500 अंक मे से 435 अंक प्राप्त किये .इनका परिक्षा फल 87 प्रतिशत रहा .इसी क्रम में कक्षा 10 वी बोर्ड की परिक्षा मे राजेन्द्र पाठक स्कूल की छात्रा निशवा नूरी पिता यार मुहम्मद ने भी 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने समाज, शाला व परिवार का नाम रोशन किया .न सभी बच्चियों की इस इतिहासिक व यादगार सफलता पर समस्त मुस्लिम समाज, परिजनों , नगरवासियों व शालेय परिवार ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी व इनके दीर्घायु उज्जवल भविष्य की कामना की.

### विधायक ने डिजिटल स्व-गणना अभियान के तहत स्वयं भी अपनी जानकारी दर्ज की



**नवभारत,दमोह।** पूर्व मंत्री व विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया ने डिजिटल स्व-गणना अभियान के तहत स्वयं भी अपनी जानकारी दर्ज की तथा जिलेवासियों से इसमें सक्रिय सहभागिता की अपील की। विधायक हटा उमादेवी खटीक ने आज डिजिटल स्व-गणना अभियान के तहत स्वयं भी अपनी जानकारी दर्ज की तथा जिलेवासियों से इसमें सक्रिय सहभागिता की अपील की।

### नागरिक करें स्व-गणना : कलेक्टर यादव

नवभारत,दमोह . जिले के नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आमजन से कहा हैं जनगणना 2027 के अंतर्गत 1मई से 30 मई तक प्रगणकों द्वारा मकानों के सूचीकरण का कार्य किया जाएगा ।साथ ही शासन ने नागरिकों को 'स्व-गणना' का विकल्प भी उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा नागरिक पोर्टल पर जाकर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं,जिससे डेटा अधिक सटीक रहेगा और प्रगणकों का समय भी बचेगा। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि उन्होंने स्वयं भी अपनी स्व-गणना पूरी कर ली है और सभी नागरिकों से अपील की है कि वे भी स्व-गणना कर राष्ट्रहित में योगदान दें।




### सिग्रामपुर जंगल के पास एक वृद्धा बाइक से गिरी

**नवभारत, दमोह .** थाना जबेरा में भ्रमण के दौरान सिग्रामपुर जंगल के पास एक वृद्ध औरत रास्ते में बाइक से गिर गई .जिसे वहां से गुजर रहे आरक्षक उवेश खान थाना जबेरा ने तत्काल मदद कर जबेरा अस्पताल ले जाया गया.






### हटा-पन्ना मार्ग स्टेट हाइवे पर हादसे

**नवभारत.दमोह.** हटा पन्ना मार्ग पर घुटरिया के पास एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. सूचना मिलते ही गैसाबाद पुलिस के आर. सोनू कुर्मी और 112 पायलट देवकरण दहिया मौके पर पहुंचे. घायल को तत्काल हटा सिविल अस्पताल भेजा गया. इसके साथ एक और हादसा हटा पन्ना स्टेट हाइवे पर हिनोता के पास सुखेजा बस की स्टेयरिंग अचानक फेल होने से टली बड़ी दुर्घटना, चालक की सूझबूझ से बस को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया.

अवैध शराब | **पुलिस पर लग रहे अवैध रूप से शराब बिकवाने के आरोप, आबकारी विभाग भी नहीं दे रहा ध्यान**

# शहर में फल फूल रहा अवैध शराब का कारोबार



**नवभारत, पथरिया 19 अप्रैल। नगर व आसपास के गांवों में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर हो रही है, जिसमें आबकारी और पुलिस विभाग की भी मौन स्वीकृति दिखाई दे रही है। शहर के लगभग हर वार्डों, गली, मोहल्लों में अवैध शराब का कारोबार जमकर फल-फूल रहा है, जिससे युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में फंसती जा रही है।**

वर्तमान में पुलिस पर शहर में जगह जगह कमीशनखोरी पर अवैध रूप से शराब बिकवाने के आरोप लग रहे हैं। नगर व आसपास के क्षेत्रों में लगातार अवैध शराब भारी मात्रा में परिवहन की जा रही है जिस पर न तो आबकारी विभाग ध्यान दे रहा है और न ही पथरिया पुलिस।

### जुआ फड़ खुलेआम चलाए जा रहे हैं

नगर में कई जगह है जुआ के फड़ खुलेआम चलाए जा रहे हैं। हर गली नुक्कड़ पर सट्टे की बुकिंग खुलेआम की जा रही है। गांजा बिक्री जैसे गंभीर अपराध पथरिया में आम बात हो गए है, लेकिन पथरिया पुलिस की सक्रियता इन मामलों में किसी भी प्रकार से नहीं दिखाई दे रही है, जिस वजह से अपराध लगातार बढ़ रहे हैं।

### मकड़जाल की तरह फैल रहा अवैध कारोबार

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की नगर परिषद की सीमा में 15 वार्ड आते हैं, जिसमें कुछ वार्डों को छोड़कर पूरी तरह यह कारोबार मकड़जाल की तरह फैल हुआ है। कुछ मामलों में पुलिस विभाग की छुट-पुट कार्यवाही करते हैं। जानकारों की माने तो पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लक्ष्य पूरा करने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन पर इस अवैध शराब के कारोबार को लेकर दबाव डाला जाता है, तो स्थानीय पुलिस द्वारा चुनिंदा लोगों के खिलाफ जब्ती की कार्रवाई कर लक्ष्य पूरा कर लिया जाता है।

> **फोन कॉल पर हो रही शराब की डिलीवरी**
>
> इसके अलावा कुछ अवैध शराब विक्रेता फोन कॉल पर ही शराब की डिलीवरी कर रहे हैं। यह सेवा इस समय चर्चा का विषय बनी हुई हैं। शहर में दो अंग्रेजी व देशी शराब के ठेके खुले हुए हैं, लेकिन अगर देखा जाए तो वर्तमान में यह अवैध माफिया शासन, प्रशासन को ठेंगा दिखाकर शराब विक्रय कर रहे हैं, जिन पर आबकारी और पुलिस विभाग कोई कार्यवाही नहीं करता।

### 22 को स्वैच्छिक रक्त दान शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में होगा आयोजित

**नवभारत, दमोह.** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दमोह ने बताया 22 अप्रैल 2026 दिन बुधवार को स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया मे समय प्रात: 10 से शाम 04 बजे तक आयोजित किया जा रहा हैं। शिविर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने और लोगो को इस नेक कार्य के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास हैं। हम सभी स्वस्थ नागरिको से अपील करते है कि वे आगे आये और रक्तदान कर जीवन बचाने में सहयोग करें। रक्त दान करने वाले सभी रक्त दाताओ को एक प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।सीबीएमओ डॉक्टर दुबे ने कहा है रक्तदान करने से दिल की बीमारियां एवं हार्ट अटैक का खतरा कम रहता है।